तू ही जाने तू ही जाने तू ही जाने

तू ही जाने तू ही जाने तू ही जाने,
साई तेरी महिमा को तू ही जाने ,
साई तेरा जोगी रूप बेमिसाल है,
बेस तेरा फकीरी का कमाल है,
जिसे चाहे तू करदे माला माल है,
साई का मैं दीवाना साई का मैं दीवाना,

साई सच्चा तेरा दरबार बड़ा प्यारा है,
मेरे दाता साई दीदार तेरा प्यारा है,
करू मैं बंदगी लग्न तेरी मन में लगी है,
मेरे नैनो में साई आप की मूरत वसी है,
दुनिया में तेरा रुतबा भुलंद है,
फिर भी फकीरी तुम को पसंद है,
श्रद्धा सबुरी में ही जीवन है,
साई का मैं दीवाना साई का मैं दीवाना,

सभी भक्तो के मन की बात आप जानते हो,
जो शिरडी धाम आये सभी को आप जानते हो,
तू ही देता दिलाता सब की झोली भरते हो,
जो रोगी द्वार पे आये निरोगी करते हो,
सतगुरु साई की निराली शान है,
बड़ा दया वां बाबा तू महान है,
देख के करिश्मा दुनिया हैरान है,
साई का मैं दीवाना साई का मैं दीवाना,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/10193/title/tu-hi-jane-tu-hi-jaane-tu-hi-jaane-sai-teri-mahima-ko-tu-hi-jaane

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |